# बिहार विधान परिषद

(197वां बजट सत्र)

## 16 मार्च, 2021

----

[ऊर्जा - उद्योग - स्वास्थ्य - अल्पसंख्यक कल्याण - गन्ना उद्योग - संसदीय कार्य - विधि लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ].

**कुल प्रश्न 19**

----

### बेवसाईट पर उपलब्ध कब तक

***165 प्रो. नवल किशोर यादव (शिक्षक पटना):**

**उद्योग :-**

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) क्या यह सही है कि उद्योग प्रोत्साहन के तहत सरकार ने अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों के लिए आधी सब्सिडी पर राशि देने की व्यवस्था जिला उद्योग केंद्र के माध्यम से की है;

(ख) क्या यह सही है कि इन उद्यमियों को दी गई सब्सिडी का सदुपयोग कहां तक हुआ है या उन्हें कितना उद्योग स्थापित करने के लिए राशि दी गई है, इसकी जांच की कोई व्यवस्था अभी तक नहीं की गई है;

(ग) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दी जाने वाली सब्सिडी का सदुपयोग सुनिश्चित करने तथा उस सब्सिडी से कितने परिवार लाभांवित हुए, इसकी अद्यतन जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों ?

----

### नवजीवन प्रदान करने पर विचार

***314 श्री रामचन्द्र पूर्वे (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि यूनिसेफ के सहयोग से सन् 1956 में स्थापित सीतामढ़ी जिलान्तर्गत परिहार प्रखंड का राजकीय औषधालय, बेला को 2006 में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा दिया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि पांच एकड़ जमीन में फैला इस स्वास्थ्य केन्द्र का वजूद समाप्त होने की स्थिति में है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो भारत-नेपाल सीमा पर अवस्थित इस स्वास्थ्य केन्द्र को क्या सरकार नवजीवन प्रदान करना चाहती है, यदि हां, तो कब तक?

----

## पेयजल की आपूर्ति कब तक

*315 **श्री केदार नाथ पाण्डेय (सारण शिक्षक ):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग :-**

क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या – 26 और 27 में अबतक हर घर में पेयजल की आपूर्ति किये जाने के संबंध में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है;

(ख) यदि उपरोक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के अंतर्गत दानापुर नगर परिषद् क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड न.- 26, 27 के साथ अन्य वार्डों में प्रत्येक घर में पेयजल की आपूर्ति कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

----

## पानी की आपूर्ति कब तक

*316 **श्री संजीव श्याम सिंह (शिक्षक गया):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग :-**

क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गया जिले के डुमरिया प्रखण्ड की नारायणपुर पंचायत में वार्ड नं०- 4, 5, 6 एवं 15 में हर घर नल की जल योजना का कार्य 1 वर्ष पूर्व ही पूरा हो चुका है परन्तु जल की आपूर्ति शुरू नहीं हो सकी है;

(ख)  क्या यह सही है कि उक्त वार्डों में पीने का पानी की घोर किल्लत है;

(ग)  यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शीघ्र इन वार्डों में पानी की आपूर्ति प्रारंभ करने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र बनाने का विचार

***317 प्रो. (डा.) रामबली सिंह (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क)  क्या यह सही है कि खगडि़या जिलान्तर्गत प्रखण्ड खगडि़या के बरैय पंचायत में स्वास्थ्य केन्द्र/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र नहीं रहने के कारण वहां के लोगों को इलाज के लिए 50 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है;

(ख)  क्या यह सही है कि उक्त पंचायत में एक भी एम्बुलेंस नहीं है;

(ग)  यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित पंचायत में स्वास्थ्य केन्द्र/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक?

----

## नामांकन में भूमिका

***318 श्री सुबोध कुमार (वैशाली स्थानीय प्राधिकार ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि :-

(क)  क्या यह सही है कि BCECE का गठन Bihar Combined Entrance Competition Examination Act – 1995 के द्वारा किया गया है जिसके अनुसार राजस्व पर्षद के अध्यक्ष सह सदस्य इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं;

(ख)  क्या यह सही है कि BCECE के प्रशासनिक नियंत्रक ग्रामीण विकास के प्रधान सचिव होते हैं;

(ग)  क्या यह सही है कि मेडिकल कॉलेजों में नामांकन की रिक्ति की जानकारी परीक्षा नियंत्रक सह स्वास्थ्य प्रमुख बिहार से मांगी जाती है लेकिन नामांकन में इनकी कोई भूमिका नहीं रहती है;

(घ)  यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दिनांक – 24/12/2020 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित शीर्षक (संलग्न) द्वितीय काउंसलिंग के

लिए सीट मैट्रिक्स के बिना एलॉटमेंट जारी एवं वर्ष- 2019 में MBBS नामांकन में सामान्य कैटेगरी (मैट्रिक्स विवरणी संलग्न) के द्वितीय काउंसलिंग में अभ्यर्थियों कीरैंक नहीं दर्शाने की जिम्मेवारी किसकी होगी, इसकी जांच किये जाने का विचार रखती है, यदि हां तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## भवन का निर्माण

***319 श्री संजय पासवान (विधान सभा):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि नवादा जिला से गुजरने वाले राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या -31 पर आये दिन सड़क दुर्घटना होती रहती है, जिसमें प्रत्येक वर्ष अनेक लोगों की मृत्यु हो जाती है और बड़ी संख्या में लोग जख्मी होते हैं;

(ख) क्या यह सही है कि इस पथ पर होने वाली दुर्घटनाओं के मद्देनजर इस पथ के किनारे अकबरपुर प्रखंड के ग्राम माखर में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर) की स्थापना की गयी थी, परन्तु इस भवन के जर्जर हो जाने से दुर्घटनाग्रस्त लोगों की चिकित्सा यहां नहीं हो पाती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रश्नागत सेन्टर के भवन का निर्माण कराकर इसे क्रिटिकल केयर अस्पताल के रूप में विकसित करने विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## निर्माण कबतक

***320 प्रो. संजय कुमार सिंह (तिरहुत शिक्षक):**

**विधि :-**

क्या मंत्री, विधि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला अन्तर्गत कंडी पंचायत के ग्राम बीथो में 100 साल पुराना महादेवी मंदिर धार्मिक न्यास पर्षद से निबंधित है;

(ख) क्या यह सही है कि प्रतिवर्ष उक्त मंदिर में हजारों श्रद्धालु पूजा करने आते हैं, मंदिर परिसर खुला रहने के कारण आवारा पशुओं से मंदिर परिसर में गंदगी फैल रही है;

(ग) क्या यह सही है कि धार्मिक न्यास पर्षद से परिसर की पक्की चहारदीवारी एवं मंदिर तक जाने के लिए पक्की सड़क का निर्माण कराने के संबंध में निवेदन किया गया है, किन्तु फलाफल शून्य है;

(घ)　　यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार खंड 'क' में वर्णित महादेवी मंदिर की चहारदीवारी एवं मंदिर तक जाने के लिए पी.सी.सी. सड़क का निर्माण कब तक कराने का विचार रखती है?

----

## विचार कब तक

***321　　श्री रजनीश कुमार (बेगूसराय स्थानीय प्राधिकार ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क)　　क्या यह सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत गढ़पुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मात्र छह बेड का है;

(ख)　　क्या यह सही है कि उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गढ़पुरा में माननीय मुख्यमंत्री के द्वारा वर्ष 2013 में 30 बेड वाला अस्पताल बनाने का शिलान्यास किया गया था जो अब तक नहीं बन पाया है;

(ग)　　क्या यह सही है कि उक्त प्रखंड की सवा लाख की आबादी को स्वास्थ्य सुविधा के लिए 35 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय जाना पड़ता है;

(घ)　　यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को 30 बेड वाला अस्पताल बनाने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय का निर्माण

***322　　श्री राधाचरण साह (स्थानीय प्राधिकार, भोजपुर एवं बक्सर):**

**अल्पसंख्यक कल्याण :-**

क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क)　　क्या यह सही है कि बिहार राज्य अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय प्रत्येक जिला में कम से कम एक बनाने का वर्ष 2018-19 में निर्णय लिया गया था;

(ख)　　क्या यह सही है कि अब तक कितने जिलों में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय बनाया गया है, कितने जिलों में अभी बनाना है;

(ग)　　यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक सभी जिलों में अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय बनाना चाहती है?

----

## योजना बनाने पर विचार

***323 श्री प्रेम चन्द्र मिश्रा (विधान सभा):**

**उद्योग :-**

क्या मंत्री, उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि राज्य के विभिन्न जिलों में खादी ग्रामोद्योग परिसर अवस्थित हैं;

(ख) क्या यह सही है कि सरकार के खादी ग्रामोद्योग परिसर में हाल के वर्षों तक लोगों की जीविका तथा रोजगार का साधन उपलब्ध होता था;

(ग) क्या यह सही है कि सरकार की उदासीनता तथा उपेक्षा के कारण उपरोक्त सभी खादी भण्डार खंडहर तथा अतिक्रमण का शिकार बनते जा रहे हैं;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार बताएगी कि राज्य के सभी खादी भंडारों-खादी ग्रामोद्योग केन्द्रों का जीर्णोद्धार सह उसके कारगर संचालन हेतु कोई योजना बना रही है ताकि ग्रामीण स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाया जा सके और नहीं तो क्यों?

----

## निर्माण कराने का विचार

***324 श्री अशोक कुमार अग्रवाल ( कटिहार त्रिस्तरीय पंचायती राज):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि कटिहार जिला के आजमनगर प्रखंड अंतर्गत महेशपुर पंचायत में मौजा – महेशपुर, थाना नं० – 611, खाता सं. – 48, खेसरा सं. – 1108, 1109, 1110, रकबा – 0.46 एकड़ जमीन स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण के लिए अधिग्रहित है ;

(ख) क्या यह सही है कि क्या सरकार जनहित में उक्त अधिग्रहीत जमीन पर पक्का स्वास्थ्य उपकेन्द्र भवन निर्माण कराने का विचार रखती है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो कब तक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्युत मीटर की आपूर्ति

***325 श्री टुनजी पाण्डेय (स्थानीय प्राधिकार, सीवान):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि सीवान जिले में लघु उद्योग जैसे राइस मिल, आटा चक्की के लिए तीन फेज मोटर कनेक्शन के लिए आम लोगों ने आवेदन दिया है;

(ख) क्या यह सही है कि आवेदन के उपरांत लोगों को तीन फेज का मीटर नहीं मिल रहा है;

(ग) क्या यह सही है कि आवेदकों में से एक या दो लोगों को तीन फेज का जो मीटर मिल रहा है, उसमें वरीयता का पालन नहीं हो रहा है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार आवेदनकर्ताओं को तीन फेज का मीटर उपलब्ध कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## विद्युत की व्यवस्था

*326 **श्री राजेश राम (पश्चिमी चम्पारण स्थानीय प्राधिकार):**

**ऊर्जा :-**

क्या मंत्री, ऊर्जा विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना जिला के रामकृष्णा नगर स्थित न्यू खैरा टाली अंतर्गत आश्रम जानेवाली उत्तर से दक्षिण सड़क एवं पश्चिमी से पूरब जानेवाली सड़क में श्री महेश चौधरी के मकान तक बिजली का खंभा नहीं होने के कारण बिजली उपभोक्ता अपना बांस एवं तार लगाकर बिजली लगाये हुए हैं जिससे कभी भी दुर्घटना घट सकती है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त सड़क में लगभग 10 बिजली का पोल एवं तार लग जाने से वहां के स्थानीय विद्युत उपभोक्ताओं को काफी सुविधा हो जायेगी;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जनहित में बिजली का पोल एवं तार लगाकर सुचारु रूप से विद्युत मुहैया कराने का विचार रखती है, यदि हां तो कबतक?

----

## जलमीनार का निर्माण

*327 **श्री नीरज कुमार (पटना स्नातक):**

**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग :-**

क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि पटना शहर के लाल बहादुर शास्त्री नगर में सामुदायिक भवन के निकट जलापूर्ति हेतु जलमीनार का निर्माण किया गया है और इसके साथ जल भरने हेतु उच्च क्षमता का एक पम्प स्थापित किया जाना था जिसे आज तक स्थापित नहीं किया गया है;

(ख) क्या यह सही है कि उक्त जलमीनार के निर्माण के काफी पहले से स्थापित पुराने पम्प से ही जलमीनार को भरकर कुछ दिनों तक जलापूर्ति की गयी परन्तु अब जलापूर्ति बंद कर दी गयी है, जिसके कारण वहां के निवासियों एवं सचिवालय कर्मियों के समक्ष जल संकट उत्पन्न हो गया है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार जलमीनार से जलापूर्ति कर वहां के निवासियों को जल संकट से मुक्ति दिलाना चाहती है, यदि हां तो कबतक?

----

## कर्मचारी आवास का निर्माण

***328 श्री संजय प्रसाद (मुंगेर स्थानीय प्राधिकार ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गया जिला के मोहरा कजूर प्रखंड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र को उत्क्रमित कर सामुदायिक स्वास्थ्य का भवन बना है और उसका उद्घाटन 26.09.2019 को माननीय मुख्यमंत्री, मा० उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के कर कमलों से हुआ था;

(ख) क्या यह सही है कि प्रखंड मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन में चहारदीवारी नहीं रहने के कारण बाहर के पशु आते रहते हैं और प्रखंड मुख्यालय में कर्मचारी आवास नहीं होने के कारण रात में कठिनाई होती है;

(ग) क्या यह सही है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की भी चहारदीवारी नहीं रहने के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है;

(घ) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार प्रखंड मुख्यालय में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के भवन की चहारदीवारी एवं कर्मचारी आवास बनाना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----

## बकाया राशि के संबंध में

***329 श्री सुनील कुमार सिंह (विधान सभा):**

**गन्ना उद्योग :-**

क्या मंत्री, गन्ना उद्योग विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि बिहार ईख आपूर्ति एवं खरीद का विनिमय अधिनियम, 1981 की धारा 43 (2) एवं 43 (3) के तहत किसानों से क्रय किए गए गन्ना का भुगतान 14 दिनों के अन्दर चीनी मिलों द्वारा किये जाने का प्रावधान है;

(ख) क्या यह सही है कि वर्ष 2019 - 20 में बगहा चीनी मिल 51.84, नरकटिया चीनी मिल 8.60 लाख रु., मझवलिया चीनी मिल 4061.09 रु., सासामुसा चीनी मिल 762.50 लाख रुपया, सिधवलिया चीनी मिल 64.65 लाख रुपया, रीगा चीनी मिल 3175.07 लाख रुपया, हसनपुर चीनी मिल 4.73 लाख रु., लौरिया चीनी मिल 2.24 लाख रुपया, सुगौली चीनी मिल 10.95 लाख रु., प्रतापपुर चीनी मिल द्वारा 281.00 लाख रुपया किसानों की बकाया राशि का भुगतान नहीं किया गया है;

(ग) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो किसानों की बकाया राशि का भुगतान सरकार कबतक कराने का विचार रखती है?

----

## परीक्षा की तैयारी

***330 श्री खालिद अनवर (विधान सभा):**

**अल्पसंख्यक कल्याण :-**

क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं के लिए प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी के लिए सेंटर खोला गया है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार यह बतलाएगी कि पिछले दो वर्षों में कितने सेंटर खोले गए और आगे कितने सेंटर खोलने का इरादा है एवं कितने छात्रों ने इसका फायदा उठाया है और कितनों को सरकारी नौकरी मिली है?

----

## स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण

***331 श्रीमती मनोरमा देवी (स्थानीय प्राधिकार, जहानाबाद, गया एवं अरवल ):**

**स्वास्थ्य :-**

क्या मंत्री, स्वास्थ्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि-

(क) क्या यह सही है कि गया जिलान्तर्गत मोहनपुर प्रखंड के इटवां गांव में लिटियाही घाट के आस-पास पारंपरिक स्वास्थ्य केन्द्र नहीं रहने के कारण आमजनों को काफी कठिनाई हो रही है;

(ख) यदि उपर्युक्त खण्ड 'क' का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त लिटियाही घाट के पास पारंपरिक स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराना चाहती है, यदि हां तो कबतक, नहीं तो क्यों?

----